**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छत्तीसगढ़)**

E-mail :- divisionmanendragarh@rediffmail.com Phone - 07771-241349, Fax 243731

क्रमांक/माचि./2016/ 348 मनेन्द्रगढ़/दिनांक 10/06/2016

प्रति,

सहायक प्रबंधक
ए.जी.एम. नेटवर्क, एम.पी एंड सी.जी.
आइडिया सेलुलर लिमिटेड, 139-140,
इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.)

विषय :- "Right of way permission for laying optical fibre cable in your jurisdiction"

संदर्भ :- सहायक प्रबंधक ए.जी.एम. नेटवर्क सर्विसेस, एम.पी. एंड सी.जी. आइडिया सेलुलर लिमिटेड 139-140, इलेक्ट्रानिक कॉम्प्लेक्स परदेशीपुरा, इन्दौर म.प्र. का पत्र क्र./IDEA/OFC/ROW/2015 Date 23.12.2015

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख किया जाता है कि आइडिया सेलुलर लिमिटेड कंपनी के द्वारा मरवाही से मनेन्द्रगढ़ तक ओ.एफ.सी. केबल बिछाये जाने हेतु मनेन्द्रगढ़ परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वनकक्षों का वन विभाग एवं आइडिया सेलुलर कंपनी के कर्मचारियों के साथ संयुक्त स्थल जांच जी.पी.एस. रीडिंग के साथ किया गया।

भारत सरकार के मार्गदर्शी सिद्धांत अनुसार ओ.एफ.सी. केबल बिछाने हेतु 1 मी. चौड़ाई एवं 2 मी. गहराई के अनुसार जांच प्रतिवेदन में 7140 मी. लम्बाई एवं रकबा 0.714 हे. है, जिसके लिये छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग द्वारा पत्र क्र./एफ-7-22/2009/10-2 दिनांक 30.06.2012 के द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत वनभूमि का गैर-वानिकी उपयोग से संबंधित (2.3) निजी संस्थानों हेतु 5 हे. तक के प्रकरण के लिये पंजीयन शुल्क 6000.00 रूपये एवं प्रसंस्करण शुल्क 29000.00 रूपये निर्धारित है। नियमानुसार पंजीयन एवं प्रसंस्करण शुल्क का अलग-अलग डी.डी. या वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ के व्यक्तिगत जमा खाता 8443-00-106 (व्यक्तिगत जमा खाता) में जमा कर चालान की पावती अभिस्वीकृति प्रस्तुत करें।

**शुल्क का विवरण (2.3 निजी संस्थानों हेतु)**


| क्र. | पंजीयन शुल्क | प्रसंस्करण शुल्क | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 6000.00 | 29000.00 | पंजीयन एवं प्रसंस्करण शुल्क अलग-अलग जमा करेंगें |

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

पृष्ठा.क्रमांक/माचि./2016/ 349 मनेन्द्रगढ़/दिनांक 10/06/2016

प्रतिलिपि :-

1. अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू-प्रबंध) एवं नोडल अधिकारी वनसंरक्षण अधिनियम 1980 की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. मुख्य वनसंरक्षक सरगुजा वनवृत्त अम्बिकापुर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।






वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़